हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(तेरहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 21 दिसम्बर, 2016/ 30 अग्रहायण, 1938 (शक्)

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री].

कुल प्रश्न - 8

क्षतिग्रस्त पाठशाला भवन

1512 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कुछ माह पूर्व ग्राम पंचायत मनीकरण के अन्तर्गत प्राथमिक पाठशाला शुशण सेरी का भवन वर्षा एवं बादल फटने से पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या स्थानीय लोगों ने नए भवन निर्माण हेतु निजी भूमि उपलब्ध करवा दी है; यदि हां, तो कब;

(ग) यह भी सत्य है कि प्रोजेक्ट ईंचार्ज जिला कुल्लू ने सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत नए भवन एवं रसोई (Kitchen) निर्माण हेतु 18,07,500/- रूपये का प्राक्कलन तैयार कर सरकार को स्वीकृति हेतु भेजा है; और

(घ) यदि हां, तो धनराशि का प्रावधान कब तक कर दिया जाएगा?

रिक्तियां

1513 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में प्रदेश के 20 स्वास्थ्य खण्डों में खण्ड चिकित्सा अधिकारी के पद रिक्त हैं;

(ख) यदि हां, तो यह पद कब-कब से रिक्त हैं; ब्यौरा जिलाशः दें; और

(ग) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

पदपूर्ति

1514 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि कुल्लू विद्युत सर्कल के अन्तर्गत विद्युत विभाग में इलैक्ट्रिशियन, लाईनमैन और अन्य फील्ड स्टाफ की कमी है;

(ख) यदि हां, तो कितने पद सृजित हैं और कितने रिक्त हैं; ब्यौरा मण्डलशः दें; और

(ग) सरकार विशेषकर मलाणा व पार्वती घाटी के कोठी खोखण तथा कोठी महाराजा में रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

उप-तहसील की स्थापना

1515 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पुखरी या लोअर चुराह में उप-तहसील खोलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

1516 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मसरूंड व बैरागढ़ क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

ईंधन की लकड़ी

1517 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कितने वन क्षेत्र (Forest Area) से बालन या ईंधन की लकड़ी काट कर पांगी व अन्य क्षेत्रों में भेजी गई; ब्यौरा दें?

दुग्ध की गुणवत्ता

1518 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में दुग्ध और दुग्ध से बने पदार्थ कितनी मात्रा में दूसरे प्रदेशों से प्रतिदिन आ रहे हैं;

(ख) इनकी गुणवत्ता जांचने के क्या मापदण्ड निर्धारित हैं और इसकी जांच कैसे और कहां की जाती है; और

(ग) गत एक वर्ष के दौरान कितने पदार्थों के सैम्पल फेल हुये और दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

नशाखोरी हेतु योजना

1519 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में नौजवानों में ड्रग्स का प्रचलन बढ़ रहा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस पर अंकुश लगाने हेतु कोई योजना बना रही है; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 5 दिसम्बर, 2016. **सचिव।**